भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

Friday, 05 October 2018

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा छत्तीसगढ़ के नरहरपुर, कांकेर में आदिवासी सम्मेलन और भिलाई (दुर्ग) में आयोजित महिला सम्मेलन में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

छत्तीसगढ़ की जनता का भारतीय जनता पार्टी को मिल रहे प्यार और समर्थन से यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री श्री रमण सिंह के नेतृत्व में भाजपा लगातार चौथी बार राज्य में दो-तिहाई बहुमत से सरकार बनाने जा रही है

****

एक तरफ रमण सिंह सरकार के 15 साल और मोदी सरकार के 5 साल के काम हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी की चार पीढ़ियों की55 सालों की सरकारें। मैं राहुल गाँधी को बहस की चुनौती देता हूँ, हम कहीं भी खुली चर्चा के लिए तैयार हैं

****

भाजपा छत्तीसगढ़ में विकास करने वाले मुख्यमंत्री श्री रमण सिंह और विकास को गति देने वाले देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में चुनाव लड़ने जा रही है लेकिन राहुल गाँधी बताएं कि कांग्रेस किसके नेतृत्व में चुनाव लड़ने जा रही है

****

क्या कांग्रेस छत्तीसगढ़ में ऐसे लोगों के नेतृत्व में चुनाव लड़ने जा रही है जो फर्जी सीडी बनाकर बाँट रहे हैं और मातृशक्ति का लगातार अपमान कर रहे हैं?

****

छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति महिलाओं को लज्जित करने वाली और उनका अपमान करने वाली कांग्रेस पार्टी को छत्तीसगढ़ में केवल हराएं ही नहीं बल्कि राज्य से कांग्रेस पार्टी को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें ताकि फिर से इस तरह की गंदी राजनीति न पनप सके

****

कांग्रेस नीति, नीयत और नेतृत्व विहीन पार्टी है जिसका न तो कोई सिद्धांत है और न ही कोई विचारधारा। भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस की तरह गंदी चतुराई नहीं, चरित्र की लड़ाई लड़ती है और विकास की राजनीति करती है

****

आने वाले चुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता के पास दो विकल्प हैं - एक तरफ सालों तक गरीबी हटाओ का नारा लगा कर गरीबों को हटाने वाली कांग्रेस तो दूसरी तरफ बिना कोई नारा दिए दिन-रात एक कर गरीबों, आदिवासियों, पिछड़ों एवं महिलाओं के कल्याण के लिए काम करने वाली भारतीय जनता पार्टी

****

श्री रमण सिंह जी 2025 तक श्रद्धेय अटल जी की कल्पना का नवां छत्तीसगढ़ का संकल्प लेकर लेकर निकले हैं, राज्य की जनता उन्हें चौथी बार अपना आशीर्वाद देकर भारी बहुमत से राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त करें

****

छत्तीसगढ़ के निर्माण के बाद तीन साल तक कांग्रेस पार्टी का शासन रहा लेकिन कांग्रेस सरकार ने वनवासी बंधुओं के कल्याण एवं राज्य के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया

****

श्री रमण सिंह सरकार ने छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ा काम नक्सलवाद पर नकेल कस कर राज्य को विकास के पथ पर अग्रसर करने का काम किया है

****

हमने तो केवल तेंदुपत्ता के श्रमिकों के लिए 4000 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की, कांग्रेस ने पूरे छत्तीसगढ़ के लिए भी इतने रुपये नहीं दिए

****

देश की आजादी के बाद से ही वनवासी बंधु वन अधिकार पत्र की मांग कर रहे थे लेकिन कांग्रेस की केंद्र और राज्य सरकारों ने इसे अनसुना कर दिया। रमण सिंह सरकार ने 3.68 लाख से ज्यादा वनवासी बंधुओं को लगभग 3.34 लाख हेक्टेयर भूमि का वन अधिकार पत्र प्रदान कर दिया है

****

चाहे उज्ज्वला योजना हो, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण अभियान हो या फिर स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय निर्माण की योजना, हर क्षेत्र में केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की रमण सिंह सरकार ने काफी अच्छा काम किया है

****

रमण सिंह सरकार में शिशु मृत्यु दर 76 से घट कर 39 पर आ गई है, मातृ मृत्यु दर में भी काफी कमी आई है और साथ ही महिलाओं के टीकाकरण की दर भी 48 से बढ़कर 76 तक पहुँची है

****

केंद्र की किसी भी सरकार में एक साथ 9 महिला मंत्री कभी नहीं रही, आज मातृशक्ति देश की विदेश मंत्रालय एवं रक्षा मंत्रालय का जिम्मा संभाल रही है। दुनिया भर में हिन्दुस्तान की मातृशक्ति का डंका बज रहा है

****

ट्रिपल तलाक मुस्लिम बहनों के लिए अभिशाप की तरह है लेकिन कांग्रेस पार्टी इसका विरोध कर रही है, उसे मुस्लिम बहनों की पीड़ा का तनिक भी अहसास नहीं है। मोदी सरकार ने अध्यादेश लाकर मुस्लिम महिलाओं को ट्रिपल तलाक से मुक्ति दिलाने का कार्य किया है

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज नरहरपुर, कांकेर (छत्तीसगढ़) में आयोजित आदिवासी सम्मेलन को संबोधित किया और कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति पर जम कर प्रहार किया। इसके पश्चात् उन्होंने भिलाई, दुर्ग में विशाल महिला सम्मेलन को संबोधित किया। इससे पहले वे धमतरी जिले के सिहावा में श्रृंगीऋषि के आश्रम गए और पूज्य संतजनों का सान्निध्य प्राप्त किया। उन्होंने नरहरपुर में तेंदुपत्ता बोनस त्यौहार में भी भाग लिया।

महान ऋषियों-मुनियों की तपोभूमि को नमन करते हुए श्री शाह ने कहा कि **छत्तीसगढ़ के विकास के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री श्री रमण सिंह जी ने लगभग राज्य की सभी 90 विधानसभाओं से होती हुए 11 हजार किलोमीटर की जनसंपर्क यात्रा पूरा किया है और विकास को जन-जन तक पहुंचाया है।** उन्होंने राज्य की जनता से श्री रमण सिंह जी को लगातार चौथी बार आशीर्वाद देने की अपील करते हुए कहा कि **श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ को बनाया और अब इसे संवारने का काम रमण सिंह जी कर रहे हैं।** उन्होंने कहा कि **छत्तीसगढ़ के निर्माण के बाद तीन साल तक कांग्रेस पार्टी का शासन रहा लेकिन कांग्रेस सरकार ने वनवासी बंधुओं के कल्याण एवं राज्य के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया।**

राहुल गाँधी को चुनौती देते हुए श्री शाह ने कहा कि **एक तरफ श्री रमण सिंह सरकार के 15 साल और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के 5 साल के काम हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी की चार पीढ़ियों की 55 सालों की सरकारें। मैं राहुल गाँधी को बहस की चुनौती देता हूँ, हम कहीं भी खुली चर्चा के लिए तैयार हैं।** उन्होंने कहा कि श्री

शाह ने कहा कि **श्रीरमण सिंह सरकार ने छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ा काम नक्सलवाद पर नकेल कस कर राज्य को विकास के पथ पर अग्रसर करने का काम किया है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में विकास करने वाले मुख्यमंत्री श्री रमण सिंह और विकास को गति देने वाले देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में चुनाव लड़ने जा रही है।** राहुल गाँधी को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि **राहुलगाँधी, हमने तो तय कर लिया कि हम छत्तीसगढ़ में किनके नेतृत्व में चुनाव लड़ने जा रहे हैं लेकिन आप तो बताओ कि कांग्रेस किसके नेतृत्व में चुनाव लड़ने जा रही है। क्या कांग्रेस ऐसे लोगों के नेतृत्व में राज्य के चुनाव मैदान में है जो फर्जी सीडी बनाकर बाँट रहे हैं और इस प्रकार की गंदी राजनीति कर रहे हैं। राहुल गाँधी, क्या आप ऐसे लोगों को साथ लेकर राज्य में जनादेश मांगने के लिए निकले हैं?**उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की माताएं-बहनें कांग्रेस की गंदी राजनीति को करारा जवाब देंगी। उन्होंने राज्य की मातृशक्ति का आह्वान करते हुए कहा कि **आप मातृशक्ति को लज्जित करने वाली, अपमान करने वाली कांग्रेस पार्टी को छत्तीसगढ़ में केवल हराएं ही नहीं बल्कि राज्य से कांग्रेस पार्टी को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें ताकि फिर से इस तरह की गंदी राजनीति न पनप सके।**

श्री शाह ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस की तरह गंदी चतुराई नहीं, चरित्र की लड़ाई लड़ती है और विकास की राजनीति करती है।** उन्होंने कहा कि तेंदुपत्ता इकठ्ठा करने वाले मजदूरों के मानांक को 400 रुपये से बढ़ा कर 2450 रुपये कर दिया गया है, इसके अतिरिक्त उन्हें लगभग अतिरिक्त बोनस के तौर पर प्रतिवर्ष 750 करोड़ रुपये आवंटित किये गए हैं, इस तरह पिछले 15 सालों में तेंदुपत्ता कर्मियों को लगभग 4000 करोड़ रुपये का बोनस दिया गया है। उन्होंने कहा कि **हमने तो केवल तेंदुपत्ता के श्रमिकों के लिए 4000 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की, कांग्रेस ने पूरे छत्तीसगढ़ के लिए भी इतने रुपये नहीं दिए।** उन्होंने कहा कि 13 लाख से ज्यादा तेंदुपत्ता इकठ्ठा करने वाले को चरण-पादुका प्रदान की गई है, उनके परिवार के बच्चों की पढ़ाई और छात्रवृत्ति की व्यवस्था की गई है। समर्थन मूल्य से फसलों में वन उत्पादों को खरीदने का काम किया जा रहा है।

श्री शाह ने कहा कि **श्री रमण सिंह जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास की नित नई कहानियां गढ़ रहा है।** भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में राज्य के हर गाँव में 24 घंटे बिजली, हर घर में गैस, हर घर में शौचालय, हर गाँव तक सड़क और पीने का पानी पहुंचा है। उन्होंने कहा कि **किसानों की आय को दुगुना करने के लक्ष्य की दिशा में मजबूती से कदम उठाते हुए मोदी सरकार ने फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को लागत मूल्य का डेढ़ गुना करने का निर्णय लिया है। साथ ही गरीबों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए आयुष्मान भारत योजना भी लागू की गई है ताकि गरीबों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुविधाएं मुफ्त मिल सके।** उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में रमण सिंह सरकार धान पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के साथ-साथ प्रति क्विंटल 300 रुपये बोनस के तौर पर अलग से दे रही है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **देश की आजादी के बाद से ही वनवासी बंधु वन अधिकार पत्र की मांग कर रहे थे लेकिन कांग्रेस की केंद्र और राज्य सरकारों ने इसे अनसुना कर दिया। जब छत्तीसगढ़ की जनता के आशीर्वाद से राज्य श्री रमण सिंह सरकार आई तो भाजपा सरकार ने 3.68 लाख से ज्यादा वनवासी बंधुओं को लगभग 3.34 लाख हेक्टेयर भूमि का वन अधिकार पत्र प्रदान कर दिया है।** उन्होंने कहा कि रमण सिंह जी ने राज्य में सातवाँ वेतनमान भी लागू किया है जिससे राज्य के हजारों कर्मचारियों को फायदा मिल रहा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी वनवासी बंधुओं के कल्याण के लिए कई कदम उठाये हैं। वन धन, जन धन और गोबर धन योजना की शुरुआत की गई है।** उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री जी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के जन्म जयंती के दिन छत्तीसगढ़ से ही इन योजनाओं की शुरुआत की थी। आज देश के 309 जिलों में आदिवासियों के कल्याण के लिए योजनायें चलाई जा रही है।** उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार ने खनिज कल्याण योजना, डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड और 65 विकास प्रकल्पों की शुरुआत की है।** इतना ही नहीं, **115 पिछड़े और आदिवासी जिलों के लिए विकास की नई योजना बनाई गई है ताकि विकास में पिछड़े इन जिलों को मुख्यधारा में लाया जा सके। डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड के तहत आदिवासी भाइयों के कल्याण के लिए 18 हजार करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है।** उन्होंने कहा कि वनबंधु कल्याण योजना के तहत जनजाति ब्लॉक के लिए 10 करोड़ रुपये अतिरिक्त दिए गए हैं। 184 एकलव्य मॉडल स्कूलों की स्थापना कर वनवासी छात्रों के लिए शिक्षा के नए द्वार खोले गए हैं।

श्री शाह ने कहा कि मातृशक्ति ने दुनिया में भारतवर्ष के मान-सम्मान को बढ़ाने का कार्य किया है। केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की रमण सिंह सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किये गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि **चाहे प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना हो, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण अभियान हो, गर्भवती महिलाओं को पोषण के लिए आर्थिक सहायता हो, सरस्वती साईकल योजना हो, बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने की बात हो, हर क्षेत्र में केंद्र**

की मोदी सरकार एवं राज्य की रमण सिंह सरकार ने काफी अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि **रमण सिंह सरकार में शिशु मृत्यु दर 76 से घट कर 39 परआ गई है, मातृ मृत्यु दर में भी काफी कमी आई है और साथ ही महिलाओं के टीकाकरण की दर भी 48 से बढ़कर 76 तक पहुँची है।**उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या में वृद्धि और आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय में वृद्धि मोदी सरकार की महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति कटिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं को घर से अस्पताल और अस्पताल से घर तक पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने टोल फ्री नम्बर 102 पर आधारित महतारी एक्सप्रेस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिससे लाखों माताओं को इसका लाभ मिल रहा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **देश भर में लगभग 7.5 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण करके केंद्र की मोदी सरकार ने महिलाओं को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया है। सभी स्कूलों में शौचालय निर्माण का कार्य शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है।** क़ानून और व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ कर रमण सिंह सरकार ने महिलाओं को सुरक्षा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि **केंद्र की किसी भी सरकार में एक साथ 9 महिला मंत्री कभी नहीं रही, आज मातृशक्ति देश की विदेश मंत्रालय एवं रक्षा मंत्रालय का जिम्मा संभाल रही है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भर में हिन्दुस्तान की मातृशक्ति का डंका बज रहा है।**

महिला सम्मेलन में ट्रिपल तलाक की चर्चा करते हुए श्री शाह ने कहा कि **ट्रिपल तलाक मुस्लिम बहनों के लिए अभिशाप की तरह है लेकिन कांग्रेस पार्टी इसका विरोध कर रही है, उसे मुस्लिम बहनों की पीड़ा का तनिक भी अहसास नहीं है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने अध्यादेश लाकर मुस्लिम महिलाओं को ट्रिपल तलाक से मुक्ति दिलाने का कार्य किया है।**

श्री शाह ने कहा कि **आने वाले चुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता के पास दो विकल्प हैं - एक तरफ सालों तक गरीबी हटाओ का नारा लगा कर गरीबों को हटाने वाली कांग्रेस तो दूसरी तरफ बिना कोई नारा दिए दिन-रात एक कर गरीबों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों एवं महिलाओं के कल्याण के लिए काम करने वाली भारतीय जनता पार्टी।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस नीति, नीयत और नेतृत्व विहीन पार्टी है जिसका न तो कोई सिद्धांत है और न ही कोई विचारधारा।** उन्होंने कहा कि **श्री रमण सिंह जी 2025 तक श्रद्धेय अटल जी की कल्पना का नवां छत्तीसगढ़ का संकल्प लेकर लेकर निकले हैं, राज्य की जनता उन्हें चौथी बार अपना आशीर्वाद देकर भारी बहुमत से राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त करें।**